

**रैना घर पर ही बिता रहे हैं समय**

आईपीएल टलने के चलते इन दिनों रैना घर पर ही समय बिता रहे हैं। लॉकडाउन में ढील के बाद वह अकसर अपनी क्रिकेट प्रैक्टिस के कई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैन्स के साथ शेयर कर चुके हैं।

## दिल्ली की बारिश में बेटी को सैर कराने निकले सुरेश रैना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में बारिश का सीजन शुरू हो गया है और बीते दो–तीन दिन से शहर पर इंद्र देव की कृपा खूब बरस रही है। रिझिम बारिश में टीम इंडिया के सीनियर क्रिकेटर सुरेश रैना ने अपनी बेटी को दिल्ली की सैर कराई है। बुधवार को सुबह से ही दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों मौसम खुशनुमा बना हुआ है और झमाझम बारिश हो रही है। रैना की बेटी ग्रेसिया को भी बारिश खूब पसंद है और इसलिए रैना ग्रेसिया को लेकर कार ड्राइव पर निकल पड़े। दिल्ली की बारिश में बेटी के साथ कार राइड का एक वीडियो ट्वीट करते हुए रैना ने इसके कैप्शन में लिखा, श्अपनी छोटी बेटी को ड्राइव पर बाहर ले गया! उसे भी बारिश खूब पसंद है। रैना ग्रेसिया के साथ धीरे–धीरे कार ड्राइव करते दिख रहे हैं। साथ ही वह अपनी बेटी से कुछ बातें भी कर रहे हैं। इस दौरान उनकी कार में हल्का–हल्का म्यूजिक भी चल रहा है, जो इस सुहाने सफर को और भी खूबसूरत बना रहा है। मंगलवार को भी दिल्ली में बारिश हुई थी और रैना इस दौरान क्रिकेट अकेडमी में प्रैक्टिस के लिए पहुंचे हुए थे।

# अपने देश में नहीं होगा इस बार आईपीएल 2020

**क्रिकेट**

## चौके–छक्कों पर नहीं दिखेगा चीयरलीडर्स का डांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। टी20 वर्ल्ड कप के स्थगित होने के बाद बीसीसीआई ने अपनी टी 20 लीग को आयोजित करने के लिए मोर्चा खोल दिया है। अब यह तय है कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ आईपीएल 2020 इस साल सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में आयोजित हो सकता है। लेकिन कोरोना वायरस के चलते इस बार आईपीएल में कुछ बड़े बदलाव दिखेंगे।

आईपीएल का 13वां संस्करण भारत में तो आयोजित होना मुश्किल है। देश में कोविड– 19 के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इस घातक वायरस का संक्रमण दिनों दिन तेजी से फैल रहा है। ऐसे में जब तक हालात काबू में नहीं आते तब तक देश में किसी भी तरह के खेल आयोजनों को मंजूरी मिलना संभव नहीं है। ऐसे में बीसीसीआई



इस लीग को यूएई में आयोजित करने का मन बना रहा है।

**दर्शकों के बिना होगी यह लीग**

फटाफट क्रिकेट का प्रारूप लोगों के मनोरंजन के लिए ही तैयार किया गया था। लेकिन इस बार मौजूदा हालात को देखते हुए यह तय है कि यह लीग दर्शकों बिना ही आयोजित होगी। स्टेडियम में दर्शकों को आने की इजाजत नहीं होगी। फैन्स टीवी पर ही इसका लुत्फ ले सकेंगे।

हालांकि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के बृजेश पटेल ने कहा कि हम यूएई सरकार की गाइडलाइन्स को देखेंगे कि दर्शकों के आने की गुंजाइश है या नहीं लेकिन अगर इसकी इजाजत नहीं भी होगी तो भी फ्रैंचाइजियां बगैर दर्शकों के खेलने को तैयार हैं।

टी20 फॉर्मेट में खासतौर से लीग क्रिकेट में चौके–छक्के बरसने पर या फिर विकेट गिरने पर टीम और फैन्स का उत्साह बढ़ाने के लिए बाउंड्री लाइन के बाहर चीयरलीडर्स डांस करती नजर आती हैं। लेकिन इस बार कोविड– 19 की गाइडलाइन्स में सोशल डिस्टेंसिंग बहुत जरूरी है और मैदान पर दर्शक भी नहीं होंगे तो यह भी तय लग रहा है कि चीयरलीडर्स के बिना ही यह लीग खेली जाएगी।

**स्ट्रैटिजिक टाइम आउट भी मुश्किल**

आईपीएल का रोमांच बढ़ाने के मकसद से इस लीग में एक पारी में दो–दो स्ट्रैटिजिक टाइम आउट ब्रेक लिए जाते थे। इस दौरान ढाई मिनट खेल को रोका जाता था और टीम मैनेजमेंट मैच की जरूरी रणनीति पर खिलाड़ियों से चर्चा करने मैदान पर आती थी। मैच की दोनों पारियों में ऐसे कुल 4 ब्रेक लिए जाते थे। लेकिन इससे सोशल डिस्टेंसिंग को खतरा हो सकता है। ऐसे में यह भी संभव है कि इस बार स्ट्रैटिजिक टाइम आउट के ब्रेक भी दिखाई नहीं देंगे।

# सोशल मीडिया पर आर्चर बने नस्लभेद के शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा है कि जब वह बायो सिक्योर प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण क्वारंटीन में थे तब उन्हें ऑनलाइन नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोरोना वायरस का दूसरा परीक्षण भी नेगेटिव आने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिये मंगलवार को इंग्लैंड की टीम से जुड़ गये। आर्चर पहले टेस्ट के बाद अपने घर चले गये थे और इस तरह से उन्होंने जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन किया था जिसके कारण उन्हें दूसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया था। आर्चर

**ऑनलाइन सोशल मीडिया पर लोगों से नेगेटिव कॉमेंट मिले**

ने डेली मेल में अपने कॉलम में लिखा, 'बीते कुछ दिनों में, मैंने कई सोशल मीडिया प्रोफाइल को अनफॉलो और म्यूट कर दिया है, ताकि मैं इनसे बच सकूं। मैं दोबारा इनके पास नहीं जा रहा। मैं उन्हें गैरजरूरी आवाजें समझता हूं। दो विकेट लो और एक बार फिर यह लोग वापस आपके पास आ जाएंगे। हम बहुत ही अस्थिर दुनिया में रह रहे हैं।'

उन्होंने लिखा, 'इंस्टाग्राम पर बीते कुछ दिनों में जो मुझे गालियां मिली वो नस्ली थीं। मैंने फैसला किया कि अब बहुत हो गया।' उन्होंने लिखा, 'जब से क्रिस्टल पैलेस के फुटबॉलर विलफ्राइड जाहा को 12 साल के लड़के ने ऑनलाइन नस्लीय टिप्पणी की तब से मैंने एक लाइन खींच ली है कि मैं इस तरह की चीजें बर्दाश्त नहीं करूंगा।

उन्होंने आगे कहा– इसलिए मैंने अपनी शिकायत ईसीबी से कर दी है और वह इसमें सही प्रक्रिया अपनाएगी। कोविड–19 के दूसरे निगेटिव टेस्ट के बाद आर्चर तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड टीम से जुड़ने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि उन्हें ओल्ड ट्रैफर्ड से लगे होटल में ही पांच दिन के लिए क्वॉरंटीन रखा गया था और उन्हें केवल अकेले कुछ फिटनेस गतिविधियां करने की अनुमति दी गई थी। बाद में उन पर अनुशासनात्मक सुनवाई में 15,000 पाउंड का जुर्माना लगाया गया था।

## टीम इंडिया खेल सकती है 3 मैचों की टी20 सीरीजः रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के आयोजन का रास्ता लगभग साफ हो चुका है तो वहीं चेयरमैन ब्रिजेश पटेल ने भी घोषणा कर दी है कि इस बार टी20 लीग का आयोजन यूएई में किया जाएगा। कहा ये जा रहा है कि सितंबर के आखिरी सप्ताह में आईपीएल सीजन 13 की शुरुआत होगी, लेकिन उससे पहले एक रिपोर्ट ये सामने आ रही है कि बीसीसीआइ पर इस बात का दवाब है कि आईपीएल के इस सीजन से पहले भारत कोई इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज खेले। कोविड 19 महामारी की वजह से कई क्रिकेट सीरीज रद कर दी गई जिसमें भारत को हिस्सा लेना था। इसकी शुरुआत मार्च में साउथ अफ्रीका के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज से हुई और इसके बाद बोर्ड ने श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली सीरीज को भी कैंसल कर दिया था। अब बैंगलोर मिरर की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआइ पर उसके स्टॉक होल्कर ये दवाब बना रहे हैं कि इस आइपीएल के पहले यानी 26 सितंबर से पहले कोई क्रिकेट सीरीज खेली जाए। इसमें साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का नाम सबसे उपर आ रहा है।

## न्यूज डायरी



### कोरोना के खिलाफ मुनफ पटेल ने संभाला मोर्चा और दिलाई खास जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महामारी कोरोना वायरस की शुरुआत में गुजरात के भरुच जिले के इखार गांव में 5 लोग संक्रमित पाए गए। गांव को कोरोना वायरस कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया। इसके बाद टीम इंडिया के एक पूर्व खिलाड़ी ने मोर्चा संभाला और न केवल लोगों को बचाव के नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि गांव को महामारी के चुंगुल से आजाद भी करा लिया। हम बात कर रहे हैं इखार एक्सप्रेस यानी मुनफ पटेल की। वर्ल्ड कप–2011 की विश्व विजेता टीम के सदस्य रहे पटेल अपने गांव में थे तभी कोरोना वायरस की एंट्री हुई। 8 हजार की संख्या वाले गांव में अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में ही 5 लोग संक्रमित पाए गए। गांव के लोगों को इस महामारी के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी और लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग नियम का पालन करने के लिए मनाना मुश्किल था।

### टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली नहीं स्टीव स्मिथ हैं नंबर एकः मार्नस लाबुशेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशैन ने टेस्ट क्रिकेट में हमवतन स्टीव स्मिथ को विराट कोहली के ऊपर तरजीह दी है। लेकिन माना है कि सीमित ओवरों में भारतीय कप्तान का कोई सानी नहीं है। टेस्ट रैंकिंग में स्मिथ और कोहली शीर्ष दो बल्लेबाज हैं। लाबुशैन का मानना है कि स्मिथ की अलग–अलग परिस्थितियों में निरंतरता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। इंडिया टुडे ने लाबुशैन के हवाले से लिखा, मुझे लगता है कि स्मिथ ने बताया है कि वह टेस्ट क्रिकेट में हर परिस्थिति में रास्ता निकाल सकते हैं। इसलिए यही बात उन्हें टेस्ट में नंबर–1 खिलाड़ी बनाती है। उन्होंने कहा, श्उन्होंने भारत में रन किए, इंग्लैंड में रन किए। ऑस्ट्रेलिया में वे निरंतरता के साथ रन बना ही रहे हैं। इसलिए उनके लिए यह शायद मायने ही नहीं रखता कि वह कहां खेल रहे हैं और किन परिस्थिति में खेल रहे हैं। वह रन बनाने का रास्ता निकाल लेते हैं। विराट ने भी यही किया है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में मैं स्मिथ के साथ जाऊंगा।

### सौरभ गांगुली और जय शाह का बढ़ेगा कार्यकाल या नहीं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड प्रमुख सौरभ गांगुली का कार्यकाल 27 जुलाई को खत्म होगा, जबकि सचिव जय शाह का कार्यकाल मई में ही खत्म हो चुका है। क्या सौरभ गांगुली और जय शाह को 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष और सचिव के रूप में अगला कार्यकाल मिलेगा या नहीं, इस पर फैसला आज हो सकता है। इस मामले पर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश एसए बोबड़े और एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ आज सुनवाई करेगी। बीसीसीआई के नए संविधान के अनुसार राज्य संघ या बोर्ड में छह साल के कार्यकाल के बाद तीन साल की विराम अवधि पर जाना अनिवार्य है। गांगुली और शाह ने पिछले साल अक्टूबर में पदभार संभाला था और तब उनके राज्य और राष्ट्रीय इकाई में छह साल के कार्यकाल में केवल 9 महीने बचे थे। इस बीच बीसीसीआई ने 21 अप्रैल को शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर शाह और गांगुली के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग की थी।

### इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ने फाइनल टेस्ट के लिए बनाया प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 24 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होना है। इस मैच के लिए इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह एक दमदार टीम फाइनल टेस्ट मैच के लिए चुनेंगे। सिल्वरवुड ने कहा है कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संभवतरू सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 1–1 से बराबरी पर है। अगर मेजबान टीम विजडन ट्रॉफी हासिल करना चाहती है, तो टीम को अंतिम मैच जीतने की जरूरत है।